प्रो० एच०के० पालीवाल
परीक्षा नियंत्रक

डॉ० ए०पी०जे० अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उ0प्र0
(पूर्ववर्त्ती उत्तर प्रदेश प्राविधिक विश्वविद्यालय,लखनऊ)
सेक्टर-11, जानकीपुरम विस्तार, लखनऊ, उ0प्र0-226031

पत्रांक स० : ए०के०टी०यू०/प०नि०का०/2023/6469 दिनांक: 04 जनवरी, 2023

सेवा में,

निदेशक / प्राचार्य / समस्त छात्र / छात्राएं
डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश,
लखनऊ से सम्बद्ध समस्त संस्थायें।

विषयः शैक्षिक सत्र 2021-22 के विषम एवं सम सेमेस्टर की अतिरिक्त (विशेष) कैरी ओवर परीक्षा में प्रतिभाग के उपरान्त पुनः अनुत्तीर्ण होने वाले छात्र / छात्राओं की परीक्षा के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषय के सम्बन्ध में अवगत करना है कि विश्वविद्यालय द्वारा शैक्षिक सत्र 2021-22 में अन्तिम वर्ष तथा पास आउट बैच के विषम एवं सम सेमेस्टर की अतिरिक्त कैरी ओवर परीक्षाये, जो दिनांक 07 अक्टूबर, 2022 से दिनांक 18 नवम्बर, 2022 तक सम्पन्न कराई गयी थी (पत्र संख्याः ए0के0टी0यू0 / प0नि0का / 2022 / 6172 दिनांक 07 सितम्बर, 2022)। उक्त परीक्षा में प्रतिभाग करने वाले छात्र / छात्राओं के प्राप्तांक को विश्वविद्यालय के पत्र संख्या ए0के0टी0यू0 / प0नि0का / 2022 / 6468 दिनांक 03 जनवरी, 2023 के अनुसार सम्बन्धित संस्था तथा छात्र / छात्राओं के ई0आर0पी0 लॉगिन में उपलब्ध लिंक (Special Carry Over Marks) के माध्यम से जारी कर दिया गया है।

तद्क्रम में अवगत कराना है कि **अतिरिक्त (विशेष) कैरी ओवर** में प्रतिभाग करने वाले ऐसे छात्र / छात्रायें, जो सम्बन्धित विषय में अनुत्तीर्ण है, को सक्षम स्तर से प्राप्त निर्देशों / अनुमोदनोपरान्त छात्रहित के दृष्टिगत, पठन-पाठन पूर्ण करने एवं परीक्षा की तैयारी करने का समय देते हुए, विश्वविद्यालय के अर्डिनेन्स में निहित प्राविधानों के तहत **सत्र 2022-23 के कैरी ओवर परीक्षा में प्रतिभाग करने का अवसर दिया जाएगा। ऐसे छात्र / छात्राओं को आर्डिनेन्स में निहित व्यवस्था के अनुसार, विषम सेमेस्टर के विषयों की कैरी ओवर परीक्षा, वर्तमान में संचालित विषम सेमेस्टर परीक्षा सत्र 2022-23 के आगामी द्वितीय चरण (जो माह मार्च, 2023 में आयोजित होना प्रस्तावित है) के साथ, तथा सम सेमेस्टर के विषयों की कैरी ओवर, सम सेमेस्टर 2022-23 की परीक्षा के साथ सम्पन्न कराई जायेगी।**

उपरोक्तानुसार, आर्डिनेन्स में निहित प्राविधानों के अन्तर्गत, कैरी ओवर परीक्षा में प्रतिभाग करने हेतु अर्ह एवं पात्र छात्र / छात्राओं का परीक्षा फार्म भरने की सूचना ससमय अलग से उपलब्ध कराई जायेगी।

विशेष सूचनाः

वर्तमान में संचालित विषम सेमेस्टर परीक्षा सत्र 2022-23 में प्रतिभाग करने हेतु अर्ह एवं पात्र छात्र / छात्राओं को अवसर प्रदान करते हुए परीक्षा फार्म भरे जाने की निर्धारित तिथि दिनांक 03 जनवरी, 2023 को बढ़ाकर **दिनांक 06 जनवरी, 2023 को सायः 5.00 बजे तक पुनः विस्तारित** कर दी गयी है। **यद्यपि, अतिरिक्त कैरी ओवर परीक्षा में अनुत्तीर्ण हुए छात्र / छात्रायें भी उक्त निर्धारित तिथि दिनांक 06 जनवरी, 2023 तक परीक्षा फार्म भरते हुए वर्तमान में संचालित परीक्षा में भाग ले सकते है, परन्तु उल्लेखनीय एवं महत्वपूर्ण है** कि अतिरिक्त कैरी ओवर परीक्षा मे अनुत्तीर्ण छात्र / छात्रा को किसी विषय विशेष में विषम सेमेस्टर परीक्षा हेतु केवल एक ही अवसर **(प्रथम चरण माह जनवरी, 2023 मे आयोजित हो रही परीक्षा अथवा द्वितीय चरण माह मार्च, 2023 में सम्पन्न होने वाली परीक्षा)** प्रदान किया जायेगा।

अतः आपसे अनुरोध है कि तदनुसार अवगत होते हुए संस्थान में अध्ययनरत छात्र / छात्राओं को अपने स्तर से परीक्षा फार्म भरे जाने हेतु सूचित करते हुए यथा आवश्यक कार्यवाही कर सेमेस्टर परीक्षा में पूर्ण सहयोग देने का कष्ट करें।

भवदीय

04.1.2023

(प्रो0 एच0के0 पालीवाल)
परीक्षा नियंत्रक

प्रो0 एच0के0 पालीवाल
परीक्षा नियंत्रक

डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उ0प्र0
(पूर्ववर्ती उत्तर प्रदेश प्राविधिक विश्वविद्यालय,लखनऊ)
सेक्टर-11, जानकीपुरम विस्तार, लखनऊ, उ0प्र0-226031

पृष्ठांकन संख्या व दिनांक: उपरोक्त।
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रतिकुलपति / कुलसचिव / वित्त अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
2. अपर / उप परीक्षा नियंत्रक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
3. प्रभारी ई0आर0पी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित की उपरोक्त के सन्दर्भ समयानुसार आवश्यक कार्यवाही कराने का कष्ट करें।
4. जनसम्पर्क अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
5. स्टाफ आफिसर, कुलपति, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।

(प्रो0 एच0के0 पालीवाल)
परीक्षा नियंत्रक